5-G

# SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA
## Hindi 2nd Language Worksheet 2025-26

Name : - ____________ Std.:- V - V
Roll No. :- ______ Worksheet No.PA-2 Date : - ______

पाठ-८,९ , व्याकरण – ७,९,१६,वाक्यांश के लिए एक शब्द

## अपठित गद्यांश

संसार में अच्छे लोग भी होते हैं और बुरे भी होते हैं। बुरे लोग सदा दूसरों को तंग करने की चेष्टा करते रहते हैं। वे भले लोगों को लूटते, डराते और मारते हैं। जो कमज़ोर होते हैं, उन्हें मारते, डराते और पीटते हैं। अपनी रक्षा के लिए कमज़ोर और डरपोक लोगों को अपने आप को सुरक्षित रखने और उनसे युद्ध करने की कला भी आनी चाहिए। युद्ध करने का ठीक ढंग हमें सैनिक शिक्षा से ही सीखने को मिलता है। इसलिए सब बच्चों को सैनिक शिक्षा मिलनी चाहिए। सैनिक शिक्षा प्राप्त करने से व्यक्ति आत्मनिर्भर, अनुशासित, चुस्त और सजग बनता है। इस शिक्षा को प्राप्त करने के पश्चात् हर नागरिक अपने देश की रक्षा करने में सहयोग दे सकता है। जिस देश के पास वीर और साहसी सेना होती है उसे कोई हरा या पराधीन नहीं बना सकता।

**प्र-१) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

१) इस संसार में बुरे लोग क्या करते हैं?

बुरे लोग सदा दूसरों को तंग करने की चेष्टा करते हैं।

२) बच्चों को सैनिक शिक्षा क्यों देनी चाहिए?

बच्चो को आत्मनिर्भर, अनुशासित चुस्त व सजग बनाने के लिए सैनिक शिक्षा देनी चाहिए

३) दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें: -

(क) जो डरता हो :- डरपोक

(ख) दूसरों के अधीन हो:- पराधीन

(ख) जो सेना में काम करता हो :- सैनिक

४) वर्ण विच्छेद करें :-

१) चेष्टा - च् + ए + ष् + ट् + आ

## पाठ्य पुस्तक से

**प्र-२) अर्थ लिखें:-**

१) कर्कश - कठोर स्वर

२) मृदुल - मीठा / मधुर

३) निज - अपना (खुद का)

४) व्यवहार - आचरण

५) ढंग - तरीका

६) अनूठा - अनोखा

**प्र-३) सही विकल्प चुनें:-**

१) राष्ट्रीय गान के अवसर पर बैठे रहना **शिष्टता / अशिष्टता** है।

२) किसी बड़े के बुलाने पर हमें **हाँ जी** / हाँ कहना चाहिए।

३) सबकी आंखों में फूल / काँटा खटकता है।

४) मनुष्य की पहचान उसके ऊंचे कुल/ कर्मों से बनती है।

**प्र-४) खाली स्थान भरे: -**

१) फूल और काँटा दोनों को ---पौधा--- पालता है।

२) वाणी के साथ-साथ हमारे व्यवहार में भी -विनम्रता- होनी चाहिए ।

३) दूसरों से मीठे स्वर में बोलना और उन्हें सम्मान देना--शिष्ट--- व्यवहार कहलाता है।

**प्र-५) वाक्य पढ़कर, समझकर गलत व सही का निशान लगाएं :-**

१) हमारी वाणी में मिठास होनी चाहिए। सही

२) तितली और भौरे को काँटा अधिक प्रिय है। गलत

३) समय का पालन करना सामाजिक नियम है। सही

## व्याकरण

**प्र-६) सही सर्वनाम शब्दों से रिक्त स्थानभरे:-**

१) चाय में----कुछ----गिर गया है। (कोई / कुछ)

२) -----यह-----मेरा घर है। (यह / ये)

३) जैसा करोगे ---वैसा-----भरोगे। (वह / वैसा )

**प्र-७) संज्ञा के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्द भरकर वाक्य पूरा करें: -**

१) रमेश कक्षा पांच का छात्र है। -----वह----- मेरी कक्षा में पढ़ता है।

२) क्या तुम सोहन को जानते हो।---उसके----पिताजी थानेदार हैं।

**प्र-८) क्रिया शब्द भरे:-**

१) सर्वेश चित्र -----बना----- रहा है। २) पिताजी -----सो-----रहे है।

**प्र-९) क्रिया शब्द रेखांकित कर भेद लिखिए:-**

१) बंदर नाच रहा है। --अकर्मक

२) संजू ने साइकिल चलाई। -सकर्मक

३) राजू ने फूल तोड़ा। --सकर्मक

४) पक्षी उड़ते हैं। --अकर्मक

**प्र-१०) रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द लिखें: -**

१) रमेश की माता बहुत---दयालु--- है। वह सब पर दया करती है।

२) मेरे चाचा एक -संवाददाता हैं। वे समाचार पत्रों में समाचार भेजते हैं।

**प्र-११) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें:-**

१) जो आदर देने योग्य हो --आदरणीय

२) चारों ओर का वातावरण -परिवेश

२) दस वर्षों का समूह ---दशक---

४) जो मीठा बोलता हो ---मृदुभाषी